मध्य प्रदेश में पैदा होने वाले गन्ने की किस्म

2452. डा. लक्ष्मीनारायण पांडे : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में पैदा होने वाला गन्ना इतनी अच्छी किस्म का नहीं है कि उससे चीनी की अधिकतम मात्रा प्राप्त हो सके ;

(ख) क्या मध्य प्रदेश की सभी चीनी मिलों द्वारा गन्ने से वसूल होने वाली चीनी की वर्तमान औसत 9 या 10 प्रतिशत है ;

(ग) क्या महाराष्ट्र में यह वसूली 13 या 14 प्रतिशत है ; और

(घ) क्या उक्त प्रतिशतता के अन्तर के कारण चीनी की दरों में काफी अन्तर है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी हां । मध्य प्रदेश में पैदा होने वाले गन्ने से चीनी की उपलब्धि उतनी जितनी कि महाराष्ट्र, मैसूर, गुजरात आदि जैसे अन्य राज्यों में पैदा होने वाले गन्ने में होती है ।

(ख) जी हां ।

(ग) जी नहीं । कुल मिलाकर, यह 10 या 12 प्रतिशत के बीच है ।

(घ) मध्य प्रदेश में चीनी की उत्पादन लागत अधिक है और राज्य में गन्ने से चीनी की उपलब्धि की कम प्रतिशतता चीनी की अधिक उत्पादन लागत होने का एक प्रमुख अंशदायी तथ्य है ।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों को भूमि का वितरण करने के सम्बन्ध में समान नियम

2453. डा. लक्ष्मीनारायण पांडे : क्या कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों को भूमि का वितरण करने के संबंध में विभिन्न राज्यों में समान नियम और प्रक्रिया हैं; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दी गई भूमि तथा अन्य सुविधाओं के बारे में तुलनात्मक स्थिति क्या है ?

कृषि मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अण्णासाहिब पी. शिन्दे) : (क) और (ख). चूंकि कृषि भूमि की सुपुर्दगी राज्य का विषय है अतः अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों सहित जनता के विभिन्न वर्गों को भूमि का वितरण करने के सम्बन्ध में कोई समान नियम और प्रक्रिया नहीं है । परन्तु, प्रधान मन्त्री के हाल ही एक पत्र में राज्य सरकारों से भूमिहीन श्रमिकों, विशेषकर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों को खेती योग्य सहकारी परती भूमि प्रदान करने के लिए कहा गया है ।

मध्य प्रदेश में गेहूं का समाहार

2454. डा० लक्ष्मीनारायण पांडे : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय खाद्य निगम ने मध्य प्रदेश में किन-किन स्थानों पर गेंहू का समाहार आरम्भ कर दिया है;

(ख) इनमें से प्रत्येक स्थान से कितने कितने गेहूं का समाहार किया गया है;